# ENGLISH

## CLASS-2

सत्र 2024–25

**DIKSHA एप कैसे डाउनलोड करें?**

विकल्प 1 : अपने मोबाइल ब्राउज़र पर diksha.gov.in/app टाइप करें।

विकल्प 2 : Google Play Store में DIKSHA NCTE ढूंढ़े एवं डाउनलोड बटन पर tap करें।

DIKSHA

मोबाइल पर QR कोड का उपयोग कर डिजिटल विषय वस्तु कैसे प्राप्त करें ?

**DIKSHA App को लॉच करे → App की समस्त अनुमति को स्वीकार करें → उपयोगकर्ता Profile का चयन करें।**



1 पाठ्यपुस्तक में QR Code को Scan करने के लिए मोबाइल में QR Code tap करें।



2 मोबाईल को QR Code पर केन्द्रित करें।




3 सफल Scan के पश्चात् QR Code से लिंक की गई सूची उपलब्ध होगी।

## डेस्कटॉप पर QR Code का उपयोग कर डिजिटल विषय–वस्तु तक कैसे पहुँचे ?




1 QR Code के नीचे 6 अंक का Alpha Numeric Code दिया गया है।



2 ब्राउज़र में diksha. gov.in/cg टाईप करें।




3 सर्च बार पर 6 डिजिट का QR CODE टाईप करें।



4 प्राप्त विषय–वस्तु की सूची से चाही गई विषय–वस्तु पर क्लिक करें।

**राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, रायपुर**

निःशुल्क वितरण हेतु

© राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, रायपुर

94V978

प्रकाशन वर्ष – 2024

ekxn'kd

**संचालक**

एस.सी.ई.आर.टी.छ.ग., रायपुर

**संयोजक**

डॉ. विद्यावती चन्द्राकर

**मुख्य समन्वयक**

श्री आर. के. वर्मा

**समन्वयक**

सुशील राठोड़

**सहयोग**

श्री सी.एस. वजलवार, शिशिरकना भट्टाचार्य, श्री एम. बनाफर, जेस्सी कुरियन, वाल्सा जॉन, अर्चना वेरूलकर, श्री एम. सुधीश, मोहम्मद सईद, सुकांतो बनिक, रेखारानी मिश्रा, प्रीति शर्मा, आशिष तिवारी

**चित्रांकन**

राजेन्द्र सिंह ठाकुर, रेखराज चौरागड़े

**आवरण एवं ले आउट डिजाइनिंग**

रेखराज चौरागड़े

**प्रकाशक**

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद् छत्तीसगढ़, रायपुर

**मुद्रक**

छत्तीसगढ़ पाठ्यपुस्तक निगम, रायपुर (छ.ग.)

**मुद्रणालय**

**मुद्रित पुस्तकों की संख्या –** .......................

# आमुख

छत्तीसगढ़ राज्य के गठन के साथ–साथ कक्षा पहली से अंग्रेजी विषय को पाठ्यक्रम में जोड़ने की पहल प्रारंभ हुई और पाठ्यचर्या, पाठ्यक्रम एवं पाठ्यपुस्तकों के नवीनीकरण की आवश्यकता को ध्यान में रखते हुए पाठ्यपुस्तकों में राष्ट्रीय एवं समाजिक सन्दर्भों को जोड़ने का कार्य प्रारंभ किया गया।

राष्ट्रीय शिक्षा आयोग और मानव अधिकार आयोग प्राथमिक कक्षाओं में अध्ययनरत विद्यार्थियों की भाषागत दक्षताओं के प्रति चिंतित है। छत्तीसगढ़ शासन स्कूल शिक्षा विभाग भी इस चिंता को दूर करने के लिए प्रयासरत है। अंततः इस वर्ष उनकी पहल पर पाठ्यपुस्तकों के निर्माण की एक नई प्रक्रिया प्रारंभ की गई है। शासन द्वारा लिए गए निर्णय के फलस्वरूप इस वर्ष कक्षा पहली और दूसरी के बच्चों के लिए हिंदी, गणित और सामान्य अंग्रेजी की पृथक–पृथक पुस्तक होंगी। इस पुस्तक की रचना शिक्षण के प्रति वैकल्पिक दृष्टिकोण उत्पन्न करने के उद्देश्य को सामने रखकर की गई है। रोचक गतिविधियों के माध्यम से बच्चों में भाषायी कौशल विकसित किया जा सकता है। अभ्यास की आवश्यकताओं की पूर्ति पुस्तकों के प्रारूप में ही शामिल की गई है। इससे बच्चों की अभिव्यक्ति में आत्मविश्वास पनपेगा।

बच्चों की अधिगम शैली एवं उनकी सामयिक आवश्यकताओं के संदर्भ में पाठ्यवस्तु में कुछ छोटे–छोटे परिवर्तन करने की दृष्टि से कक्षा पहली एवं दूसरी की प्रचलित किताबों में 2003–04 में वांछनीय सुधार किए गए तथा कक्षा तीसरी, चौथी एवं पॉचवी की किताबों को प्रथम वर्ष से अंग्रेजी प्रारंभ करने की तारतम्यता में पाठ्यपुस्तकों में नवीन परिप्रेक्ष्यों को जोड़ने का प्रयास किया गया है। NCERT द्वारा प्रतिपादित अधिगम प्रतिफल (Learning Outcomes) को संदर्भित करते हुए वर्तमान पाठ्यपुस्तक में विषयवस्तु एवं अभ्यासों को प्रभावी बनाने की कोशिश की गई है।

पुस्तक में अंग्रेजी की छोटी–छोटी कविताएँ एवं वाक्य सुनकर बोलने एवं अक्षरों तथा शब्दों के दृश्य पहचान को सशक्त करने का प्रयास किया गया है, यह कोशिश की गई है कि बच्चों में अंग्रेजी शब्द भंडार हो और वे सामान्य लेखन कौशल की प्रारंभिक आवश्यकताएँ पूरी कर सकें।

स्कूल शिक्षा विभाग एवं राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्, छ.ग. द्वारा शिक्षकों एवं विद्यार्थियों में दक्षता संवर्धन हेतु अतिरिक्त पाठ्य संसाधन उपलब्ध कराने की दृष्टि से Energized Text Books एक अभिनव प्रयास है, जिसे ऑन लाईन एवं ऑफ लाईन (डाउनलोड करने के उपरांत) उपयोग किया जा सकता है। ETBs का प्रमुख उद्देश्य पाठ्यवस्तु के अतिरिक्त ऑडियो–वीडियो, एनीमेशन फॉरमेट में अधिगम सामग्री, संबंधित अभ्यास, प्रश्न एवं शिक्षकों के लिए संदर्भ सामग्री प्रदान करना है।

इस पुस्तक को तैयार करते समय शिक्षकों, शिक्षक–प्रशिक्षकों तथा शिक्षा क्षेत्र से सक्रिय रूप से जुड़े अनेक विद्वानों का सहयोग एवं मार्गदर्शन प्राप्त हुआ है। फिर भी सुधार करने और नवीन को स्थान देने की संभावनाएँ तो हमेशा ही रहेंगी। इसलिए यह पुस्तक जिनके भी हाथ में है उनसे अनुरोध है कि इसे बच्चों के लिए और बेहतर बनाने के लिए अपने महत्वपूर्ण सुझाव परिषद् को अवश्य भेजें।

संचालक

राज्य शैक्षिक अनुसंधान और प्रशिक्षण परिषद्

छत्तीसगढ़, रायपुर

# CONTENTS


| No. | Lesson | Suggestive LOs | Page |
|---|---|---|---|
| 1. | About me | LE203, LE204, LE210, LE212 | 1 |
| 2. | Good morning song | LE201, LE202, LE206 | 2 |
| 3. | Search engine | -- | 3 |
| 4. | Prayer time - God is Great | LE201, LE202, LE204, LE206 | 4 |
| 5. | Reference time (1-6) | LE204, LE209 | 6 |
| 6. | Big and small | LE201, LE202, LE207, LE209 | 18 |
| 7. | Work sheet-1 | LE209, LE212 | 19 |
| 8. | Reference time (7-10) | LE209 | 20 |
| 9. | Work sheet-2 | LE203 | 28 |
| 10. | What do you eat ? | LE201, LE202, LE205, LE209, LE2012 | 29 |
| 11. | Reference time (11-15) | LE209 | 30 |
| 12. | Work sheet-3 | LE203 | 40 |
| 13. | Reference time (16-26) | LE209 | 42 |
| 14. | Work sheet (4-13) | LE203, LE209, LE212 | 64 |
| 15. | ABCD Song | LE201, LE202, LE204 | 74 |
| 16. | Days of the week | LE202, LE212 | 75 |
| 17. | Numbers | LE203 | 76 |
| 18. | They help us | LE202, LE204 | 77 |
| 19. | Ramu and the rat | LE201, LE202, LE203, LE204, LE208 | 78 |
| 20. | The parrot | LE201, LE202, LE204, LE208 | 79 |
| 21. | The butterfly | LE201, LE202, LE204 | 80 |
| 22. | I see.... | LE201, LE202, LE203, LE204, LE207 | 81 |
| 23. | The clock | LE201, LE202, LE204 | 82 |
| 24. | The crane | LE201, LE202, LE203, LE204, LE207 | 83 |
| 25. | Open them shut them | LE201, LE202, LE204 | 84 |
| 26. | Hands up | LE201, LE202, LE204, LE207 | 85 |
| 27. | On the way to school | LE202, LE203, LE204, LE212 | 86 |
| 28. | Bittu swing on the trees | LE201, LE202, LE203, LE204, LE207, LE210 | 89 |
| 29. | The red chilly | LE203, LE204, LE207, LE212 | 91 |
| 30. | How we are! | LE204, LE207, LE209 | 94 |
| 31. | Before, between and behind | LE204, LE211, LE212 | 98 |
| 32. | The animal world | LE204, LE210, LE212 | 100 |
| 33. | The world of birds | LE204, LE210, LE212 | 102 |
| 34. | Moni and her doll | LE204, LE210 | 106 |
| 35. | We are friends | LE202, LE204, LE210 | 107 |
| 36. | Early in the morning | LE201, LE202, LE203, LE204, LE210 | 108 |
| 37. | My introduction | LE204, LE210, LE212 | 109 |
| 38. | Can you do this ? | LE204, LE206, LE212 | 110 |

## किताबें कुछ कहना चाहती है,
## आपके साथ रहना चाहती हैं ।

इसी आशय के साथ बनाई गई है यह किताब। बच्चे अपने आस–पास को बहुत नज़दीक से जानते हैं। स्कूल के प्रथम वर्ष में प्रवेश पाने वाले नन्हें बच्चों के मानस पटल को दृष्टिगत रखते हुए, उन्हीं विषयवस्तु का चयन किया गया है जो कि उनके आस–पास उपलब्ध है, या उनके दैनिक जीवन से संबंधित है।

हमने बच्चों के सीखने की प्रक्रिया और उनके मनोविज्ञान के परिप्रेक्ष्य में भाषायी उद्देश्यों को प्राप्त करने की कोशिश की है। सुनने, बोलने, पढ़ने एवं लिखने के कौशलों को विकसित कर, दैनिक जीवन के जीवंत उदाहरणों के द्वारा उनके उपयोग के अवसर देकर भाषा के प्रति बच्चों का भय दूर करने का प्रयास किया है।

इस किताब के माध्यम से भाषा की विभिन्न विधाओं जैसे– कविताओं एवं कहानियों को सम्मिलित किया है। Reference time, Story time, Practice time, Rhyme time के द्वारा भाषा के विभिन्न आयामों को छूने का भी प्रयास किया गया है।

शिक्षक बच्चों एवं किताबों के बीच की सबसे मजबूत कड़ी माना जाता है। इसलिए किताब की सफलता या भाषायी उद्देश्यों की पूर्ति तभी संभव हो पाएगी जब शिक्षक इसे बेहतर तरीके से बच्चों तक पहुँचाएँगे, शिक्षकों से हमारी अपेक्षा है कि वे शब्दों के सही उच्चारण हेतु Dictionary की सहायता अवश्य लें। Reference time के अंतर्गत चित्रों के साथ उनके अँग्रेजी नाम दिए गए हैं। इसका उद्देश्य बच्चों को अक्षर व शब्दों की आकृति से अवगत कराना है तथा दृश्य माध्यमों के द्वारा अवधारणाओं को विकसित करने का अवसर प्रदान करना होगा।

प्रत्येक पाठ के अंत में शिक्षण संकेत दिए गए हैं, शिक्षक इन्हें ध्यानपूर्वक पढ़ें एवं पाठ पढ़ाते समय उनका उपयोग करें। गतिविधियाँ कराते समय प्रत्येक बच्चे को सम्मिलित करने का प्रयास करें। उद्देश्यों की पूर्ति हेतु कुछ अन्य गतिविधियाँ भी शिक्षक करवा सकते हैं। अंग्रेजी शिक्षण में अधिगम प्रतिफलों की समझ एवं उनको अध्ययन अध्यापन के माध्यम से प्रस्तुत करने का प्रयास करते हुए अधिगम प्रतिफल की सूची संलग्न की गई है।

आशा करते हैं कि यह किताब अँग्रेजी के प्रति बच्चों में रुचि जागृत करने एवं उनमें भाषायी कौशल विकसित करने में सहायक होगी। आप अपने विचारों एवं सुझावों से हमें अवश्य अवगत कराएँ।

| Suggested Pedagogical Processes | Learning Outcomes |
|---|---|
| **The learner may be provided opportunities in pairs/groups/ individually and encouraged to:**<br>• sing or recite collectively songs or poems or rhymes with action<br>• listen to stories, and humorous incidents and interact in English or home language.<br>• ask simple questions, for example, on characters, places, the sequence of events in the story, etc. (Ensure clear lip movement for children with hearing impairment to lip read.)<br>• respond orally in home language or English or sign language or non- verbal expressions.<br>• write 2-3 simple sentences about stories or poems.<br>• look at scripts in a print rich environment like newspapers, tickets, posters etc.<br>• develop phonemic awareness through activities focusing on different sounds, emerging from the words in stories and texts.<br>• listen to short texts from children's section of newspaper, read out by the teacher<br>• listen to instructions and draw a picture<br>• speak and write English, talk to their peers in English, relating to festivals and events at homes and schools.<br>• enrich vocabulary in English mainly through telling and re-telling stories/folk tales.<br>• use appropriately pronouns related to gender such as 'he', 'she', 'his', 'her', and demonstrative pronouns such as 'this', 'that', these', 'those'; and prepositions such as 'before', 'between' etc.<br>• read cartoons/ pictures/comic strips with or without words independently.<br>• write 2-3 sentences describing common events using adjectives, prepositions and sight words like "This is my dog. It is a big dog. It runs behind me." | **The learner:**<br>LE201. sings songs or rhymes with action.<br>LE202. responds to comprehension questions related to stories and poems, in home language or English or sign language, orally and in writing (phrases / short sentences).<br>LE203. identifies characters, and sequence of events in a story.<br>LE204. expresses verbally her or his opinion and asks questions about the characters, storyline, etc., in English/ home language.<br>LE205. draws/ writes a few words or short sentence in response to poems and stories.<br>LE206. listens to English words, greetings, polite forms of expression, and responds in English / home language like 'How are you?', 'I'm fine, thank you .'etc.<br>LE207. uses simple adjectives related to size, shape, colour, weight, texture such as 'big', 'small', 'round', 'pink' 'red' 'heavy' 'light' 'soft' etc.<br>LE208. listens to short texts from children's section of news-papers, read out by the teacher<br>LE209. listens to instrucations and draws a picture.<br>LE210. uses pronouns related to gender like 'his/her/, 'he/she', 'it' and other pronouns like 'this/that', 'here/there' 'these/ those' etc.<br>LE211. uses prepositions like 'before', 'between" etc.<br>LE212. composes and writes simple, short sentences with space between words. |